माननीय अध्यक्ष महोदय,

नगर पालिक निगम भिलाई की वर्तमान परिषद अपने प्रौढ़ कार्यकाल में हैं, इस परिषद् के चौथे बजट सत्र में उपस्थित सभी सम्मानित पार्षदगणों का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूँ। इसके साथ ही मैं सदन में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का स्वागत करता हूं। उसके साथ ही बजट सत्र में उपस्थित सभी सम्मनित सदस्यों का स्वागत करता हू। यह बजट सत्र 2025-26 नगर पालिक निगम भिलाई के वित्तीय योजनाओं का महत्वपूर्ण बजट है।जिसमें हमनें समस्त नागरिकों के साथ मिलकर सेवा का अवसर प्राप्त किया है। मैं सभी नगर वासियों की ओर से नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मिडिया के साथियों और उन उदयमियों का जिन्होंने इस शहर के विकास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष योगदान दिया है उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

इसमें हमारे सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, मितानिन बहनों, डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले हमारे कर्मचारियों एवं मोर संगवारी योजना डायल 14545 अंतर्गत घर पहुँच सेवाएँ प्रदान करने में मदद कर रहे हैं, इन सभी साथियों का महत्वपूर्ण योगदान है।



Scanned with OKEN Scanner

मैं भिलाई नगर पालिक निगम परिवार के सभी सदस्यों का आभारी हूँ जो अपनी सेवाओं के माध्यम से हर मोहल्ले हर घर तक जन-सुविधाएं पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

आप सभी का धन्यवाद।

विकास का ना कोई धर्म होता है, ना कोई जाति और ना ही कोई राजनैतिक दल, बल्कि विकास एक ऐसी धारा है, जो हर जिम्मेदार जन प्रतिनिधि की मूल विचार धारा होती है। मुझे लगता मेरे सभी साथी मेरे साथ इस विचार धारा से सहमत होगे।

मैं आप सभी साथियों आज एक विशेष आग्रह करना चाहता हूँ कि विकास के सभी मामलों पर जनहित के मामलों के लिए दलगत ना होकर एकजुट होकर साथ चले।

हम सब को जनता ने जिस मूल काम के लिए प्रतिनिधि चुना है, वो विकास है, विकास के लिए सतत प्रयास करे और हम सब मिलकर विकास की दिशा कार्य जारी रखे।



Scanned with OKEN Scanner

हां यह विषय भी है कि विकास के लिए शासकीय आर्थिक सहायता की भी नितांत आवश्यकता होती है। मैं अपने सभी साथियों के सामने आज यह भी कहना चाहता हूँ, कि विकास कार्य के लिए प्राप्त होने वाली महापौर निधि वर्ष 2024-25 अप्राप्त है। पिछले वर्षो में हमने जो भी विकास कार्य और मूलभूत सुविधाओं के जो कार्य किए उसमें महापौर एवं पार्षद निधि ने और अन्य प्राप्त शासकीय राशियों का हमने हमेशा एक समरूपता से विकास का करवाने का प्रयास किया

वर्तमान परिषद अब अपने कार्यकाल के प्रौढ़ में है और इस समय में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव जी, उपमुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा जी, सांसद श्री विजय बघेल जी, विधायक श्री देवेन्द्र यादव जी और विधायक श्री रिकेश सेन जी का समर्थन हमें मिल रहा है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि जनप्रतिनिधि इसी सदन के सदस्य रहे है।



Scanned with OKEN Scanner

समाज के विकास में योगदान देने वाले सभी मीडिया समूहों और पत्रकारों का आभार प्रकट करता हूं, जो जनता तक योजनाओं और कार्यक्रमों की सही जानकारी पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। सभी व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी समूहों को भी मैं नमन करता हूं, जिन्होंने संघर्षपूर्ण स्थितियों में भी जिला प्रशासन, बी.एस.पी. प्रबंधन और शहर सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकार काम किया है। इस साझा प्रयास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को आप पर गर्व है और मुझे विश्वास है कि यह समर्थन भविष्य में भी जारी रहेगा। आने वाले समय में हमारा लक्ष्य है कि भिलाई को उपलब्धियों और विश्व स्तरीय सुविधाओं से पहचान मिले ताकि युवा पीढ़ी को रोजगार और कौशल के माध्यम से उन्नति का मार्ग प्राप्त हो सके । स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और आवागमन के क्षेत्र में उन्नत व्यवस्थाओं के साथ-साथ, हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना हमारा लक्ष्य रहा है। हम चाहते हैं कि हमारी माताएं और बहनें आत्मनिर्भर बनें, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। इन सबकी बड़ी जिम्मेदारी शहर सरकार पर है और हम सभी शहर की सेवा में योगदान देने का संकल्प करते हैं। यहीं हमारे भिलाई की शक्ति है और जनता का संबल है।



Scanned with OKEN Scanner

प्रिय साथियों,

नगर पालिक निगम भिलाई ने अपने कार्य कुशलता से देशभर में अपना नाम अर्जित किया है। आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छता मिशन जैसी केंद्र की फ्लैगशीप योजनाओं के क्रियान्वयन में देश के विकसित शहरों में अपना स्थान बनाया है। जिसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई के पूर्ववर्ती अधिकारीगण, वर्तमान आयुक्त श्री राजीव कुमार पाण्डेय जी और उनके अधीनस्थ सभी कर्मचारीगण बधाई के पात्र हैं। आप सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

भिलाई को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करने सम्राट अशोक, पं. जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, भीमराव अम्बेडकर, सरदार भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, लोक नायक जय प्रकाश नारायण, पं. रविशंकर शुक्ल तथा देश प्रदेश में शहीद हुए शहीदों का स्मारक शहीद उद्यान में सामुहिक रूप से बनाया गया है। भिलाई को एजुकेशन हब के रूप में देशभर में पहचान मिली हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुष भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, पंडित मदन मोहन मालवीय, डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का स्मारक साक्षरता चौक में स्थापित किया जा रहा है।



Scanned with OKEN Scanner

जिससे भिलाई सहित देश प्रदेश से भिलाई आने वाले छात्र छात्राओं को उनसे प्रेरणा मिल सके। इसके अतिरिक्त विद्यार्थीयों के सुविधा पूर्ण अध्ययन के लिए ऑक्सी-रीडिंग जोन का निर्माण किया है, तथा इस वित्तीय वर्ष में नालंदा परिसर का निर्माण किया जायेगा। पिछले बजट भाषण में मैनें भिलाई के वीर सपूत इंफाल में शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल शहीद कपिल देव पांडे की स्मृति में नेहरू नगर में शहीद कपिल देव पांडे मैदान के निर्माण एवं बस्तर में शहीद हुए शहीद राम आशीष यादव जी की स्मृति में स्मारक बनाये जाने की घोषणा की थी जिसे शासन को हमनें भेजा था लेकिन किसी कारणवश यह काम अधूरा रह गया। इस बजट सत्र में हमारे दोनों शहीदों की स्मृतियों को सहेजने की मैं घोषणा करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष महोदय,

पिछले तीन वर्षों में हमनें जो इरादे रखे थे, इस सभा में मौजूद सभी सम्मानित जनों के सामूहिक प्रयास से हम उन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने आगे बढ़ रहे है जिसमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कुछ गतिमान है। आप सभी को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि भिलाई नगर पालिक निगम ने अमृत मिशन फेस 1 का कार्य पूरा कर लिया है 77 एमएलडी के साथ ही हमारे शहर में 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र एवं



Scanned with OKEN Scanner

कुल 14 पानी टंकियों से पेयजल प्रदाय का काम किया जा रहा है। हर घर जल पहुंचाने प्रत्येक घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मुझे सदन को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि शहर में पेयजल आपूर्ति के इस सफलतम प्रयास से आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार दवारा नगर पालिक निगम भिलाई को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया था। वहीं हमारे प्रयासों से शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में पेयजल उपलब्ध कराए जाने 18 से अधिक स्थानों पर वाटर एटीएम की स्थापना की गयी है। इन सभी प्रयासों के बावजूद शहर के कुछ इलाके पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं जिसे ध्यान में रखते हुए हमनें 15वें वित्त आयोग से 4 नई पानी टंकियों का निर्माण प्रारम्भ किया है जिसमें कैम्प में 3 हजार किलो लीटर, राम नगर में 2 हजार किलो लीटर, खुर्सीपार और सुपेला में 1500 किलो लीटर की क्षमता वाली पानी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है और जिसके फलस्वरूप टैंकर मुक्त शहर की जो कल्पना हमनें की है उसे साकार करेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

नगर उत्थान योजना - किसी भी शहर के विकास में उस शहर की कनेक्टिविटी, ट्रांसपोर्टिंग और ट्रेवलिंग टाइम का बहुत बड़ा योगदान होता है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए भिलाई के केनाल रोड की भांति शहर की अन्य मुख्य सड़कों का भी निर्माण करने 25 करोड़ की राशि प्रस्तावित है जिससे नगर उत्थान योजना अंतर्गत सड़कों का निर्माण और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

सी.बी.जी. प्लांट की स्थापना - शहर की स्वच्छता और कचरे के निष्पादन की ओर कदम बढाते हुए कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना की जाएगी जिस हेतु बी.पी.सी.एल. से जीरो फंड में सम्बद्ध कर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जिसके अंतर्गत बी.पी.सी.एल. टेंचिंग ग्राउंड में उन्हें भूमि किराए पर आबंटित की जाएगी एवं निगम द्वारा उन्हें गीला कचरा उपलब्ध कराया जायेगा जिससे बायो गैस निर्माण का कार्य होगा वहीं आबंटित भूमि से निगम को सालाना 4 लाख रूपये की किराए की राशि से आय रूप में प्राप्त होगी. वहीं सी.बी.जी. प्लांट की स्थापना से नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और शहर से निकलने वाले कचरे का भी सही से निष्पादन संभव होगा।



Scanned with OKEN Scanner

सी एंड डी प्लांट की स्थापना- शहर में निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे का निष्पादन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आयी है जिसे ध्यान में रखते हुए कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलीशन वेस्ट रिसायकलिंग प्लांट की स्थापना की जाएगी, जिसकी स्थापना हेतु नेहरु नगर में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जहाँ सी एंड डी प्लांट की मदद से कंस्ट्रक्शन मलबे से पेवर ब्लॉक, गमले इत्यादि निर्माण का कार्य किया जायेगा। इस पहल से भी रोजगार के नए अवसर का सृजन होगा वहीं निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे का भी सही ढंग से निष्पादन सुनिश्चित हो सकेगा।

बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर- पिछले बजट सत्र के दौरान रोजगार की दृष्टि से पलायन कर रहे युवाओं को भिलाई में ही रोजगार देने एवं आईटी सेक्टर की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग केंद्र खोले जाने की घोषणा की गई थी। जिसके अंतर्गत भिलाई खुर्सीपार में बीपीओ कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 500 से अधिक युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा गया है, इस योजना की सफलता और लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए इस बजट सत्र में एक नया बीपीओ कॉल सेंटर का कार्य प्रारंभ करने की घोषणा करता हूं।



Scanned with OKEN Scanner

**70 वार्डों में वेंडिंग जोन निर्माण-** नगर पालिक निगम भिलाई के 70 वार्डों में पुराने पथ विक्रेताओं के लिए वहीं पर जगह चिन्हित कर वेंडिंग जोन का निर्माण किया जायेगा। इसमें लक्ष्य रखा गया है कि पुराने व्यापारी जो सड़क पर सामान रखकर विक्रय कर रहे हैं। उनका पंजीयन करके उन्हें शासन की सुविधा प्रदान करते हुए गुमटी प्रदान किया जाएगा वहीं 10 नए युवाओं को स्व-रोजगार प्रदान करने 70 वार्डों के समस्त वेंडिंग जोन में 10 नए गुमटी का निर्माण किये जाने की घोषणा करता हूँ। प्रत्येक वार्ड में 10 नयी गुमटियों को निर्माण करने से युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा जायेगा।

**स्वास्थ्य सुविधाएं-** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही हैं। जिसके माध्यम से कुल 3042 कैंप आयोजित हुए हैं जहाँ निःशुल्क रूप से मरीजों की जांच एवं दवा का वितरण निरंतर किया जा रहा है। अन्य निकायों की अपेक्षा नगर पालिक निगम भिलाई की यह पहल सबके लिए सराहनीय बना हुआ है।

Scanned with OKEN Scanner

**खेल परिसर का निर्माण -** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रियदर्शनी परिसर में जहां एक ही जगह पर स्विमिंग पूल, स्केटिंग, रनिंग ट्रेक, ऑडिटोरियम, तीरंदाजी, शूटिंग आदि का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण कार्य के लिए एम.आई.सी. से सहमति प्रदान कर दी गई है। कुछ खेल गतिविधियों के लिए राशि भी प्राप्त हो गई है। यह खेल परिसर ऐसा बनेगा जहां पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताएं हो सकेगी। इसका निर्माण अनुभवी एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा इसमें 5 वर्ष के रखरखाव के साथ ही 5 प्रतिशत धरोहर राशि भी निगम में जमा रहेगी।

**जल संरक्षण एवं तालाबों का विकास-** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जो तालाब है उनके जल संरक्षण एवं रखरखाव हेतु कार्य किया जा रहा है। इस बार की विशेष पहल यह है कि 77 एवं 66 एमएलडी से निकलने वाले शेष पानी को फिल्टर करके नेहरू नगर गुरु नानक सरोवर में डाला जाता है। वहां के बाद पानी नालियों के माध्यम से नाले में चला जाता था। अब 4 करोड़ की लागत से नेहरू नगर कौशल यादव पेट्रोल पंप से पाइपलाइन बिछाकर स्मृति नगर नहर के मध्य होते हुए स्मृति नगर तालाब जुनवानी खमरिया तालाब का



Scanned with OKEN Scanner

जल भराव का कार्य किया जाएगा। जिससे गर्मी के दिनों में तालाब का पानी न सूखे और भू जल स्तर भी बना रहे।

मिशन ग्रीन भिलाई- इस मुहिम के अंतर्गत स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पीछे, डिवाइडरों एवं मुख्य मार्ग के किनारे भौगोलिक स्थिति के अनुरूप सघन वृक्षारोपण किया गया है। पूर्व से निर्मित उद्यानों के सुधार हेतु प्रथम चरण में पूर्ण विकसित 65 उद्यानों को चयनित कर संधारण कर व्यवस्थित किया जा रहा है। विशेष रूप से मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय से 30 कर्मचारियों की ड्यूटी उद्यानों में पानी डालने के लिए लगाई गई है। उद्यानों में लगे पौधों में सिंचाई हेतु मोटर पंप पैनल का संधारण कराया जा रहा है जिससे भिलाई शहर के पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के साथ वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है। अभी वर्तमान में नगर निगम भिलाई का कबाड़ से जुगाड़ के संदर्भ में कुसुम कानन उद्यान, अशोक उद्यान, मिलेनियम उद्यान, महाराणा प्रताप उद्यान, मैत्री विहार उद्यान, सेक्टर 7 तालाब उद्यान, सेक्टर 1 एबीसी उद्यान, शहीद उद्यान, कुरूद चौक उद्यान, भारत माता उद्यान, मुख्य कार्यालय उद्यान आदि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



Scanned with OKEN Scanner

**मुख्यमंत्री संगवारी योजना -** नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर नागरिक सुविधाओं हेतु मोर संगवारी योजना संचालित हो रही है। कोई भी नागरिक 14545 नंबर पर कॉल करके मितान को अपने घर बुलाकर 26 प्रकार की शासकीय सुविधाओ का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकता है। अभी तक 24342 नागरिक लाभान्वित हुए हैं। शासन द्वारा इस सुविधा के कारण अब लोगों को शासकीय कार्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इससे उनका समय पेट्रोल एवं अनावश्यक आने-जाने की बचत हो रही है।

**पेंशन योजना -** सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन, इंदिरा गांधी निशक्त पेंशन, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 21441 हितग्राहियों को प्रति माह ₹500 उनके बैंक खाते के माध्यम से राशि का भुगतान किया जा रहा है।

**आश्रय स्थल -** नगर पालिक निगम भिलाई में 5 आश्रय स्थल है। इस योजना के तहत बाहर से आए हुए ऐसे व्यक्ति जिनके पास ठहरने की सुविधा नहीं होती है। वह अपना परिचय पत्र के माध्यम से आश्रय स्थल पर निवास कर सकते हैं। जहां पर आवश्यकता अनुसार जरूरतमंदों को सभी सुविधाएं मिलती है।



Scanned with OKEN Scanner

**प्रधानमंत्री आवास योजना -** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर जमीन मोर मकान एवं मोर चिन्हारी मोर आस घटक अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन कर आवास सुविधा प्रदान की नगर पालिक निगम के कार्या में सड़क, नाली निर्माण होना रोजमर्रा के कार्य है, मुझे इस बात की खुसी है कि इस सब से हटकर राज्य शासन एवं केन्द्र शासन की योजनाओं के अंतर्गत शहर के 2020 परिवारों को हम सब के माध्यम से छत प्रदान की गयी है, जिसमें हम सब की सहभागिता होना मेरे लिए गर्व एवं संतुष्टी का प्रतिक है। मोर जमीन मोर मकान एवं मोर चिन्हारी मोर आस योजना के अंतर्गत अभी तक कुल 2020 हितग्राहियों को मकान आबंटित किया गया है।

**अनुकंपा नियुक्ति -** आदरणीय अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से यह सदन को यह बताना चाहता हूं विगत कई वर्षो से अनुकंपा नियुक्ति की मांग थी। हम सब के सामुहिक प्रयास से इस वित्तीय वर्ष में राज्य शासन ने स्वीकृति करते हुए हमारे नगर निगम के 22 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देते हुए रोजगार दिया है।



Scanned with OKEN Scanner

**ई- बस सुविधा** - नगर पालिक निगम भिलाई के निवासियों की सुविधाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 50 ई बस सुविधाएं संचालित करने की अनुमति है। जिसके लिए केंद्र सरकार से राशि आठ करोड़ पैसठ लाख प्राप्त हो चुकी है। इस राशि से ई बस डिपो एवं सब स्टेशन निर्माणाधीन हैं। शीघ्र ही जनता की सुविधा के लिए बसे संचालित होने लगेगी, जिससे प्रदूषण से राहत मिलेगी।

**अधोसंरचना, मूलभूत एवं संधारण कार्य हेतु विशेष पैकेज** - जिस प्रकार शासन से प्राप्त मदों में राशि आबंटन उसकी कंडिकाओं के अनुसार किया जाता है जैसे -महापौर निधि, पार्षद निधि, 15वें वित्त आयोग की राशियों का उपयोग उन मदों की कंडिकाओं के अनुरूप किया जाता है ठीक उसी प्रकार अधोसंरचना मूलभूत की राशि का उपयोग भी वार्डों के मूलभूत एवं संधारण कार्य में ही उपयोग में लायी जाये। हम सभी यह जानते हैं कि नए निर्माणकार्य एवं विकासकार्य जितने महत्वपूर्ण हैं उतने ही महत्वपूर्ण अधोसंरचना, मूलभूत और संधारण कार्य भी हैं इस सदन की अनुमति से मैं सभी 70 वार्डों हेतु 10-10 लाख रूपये की राशि के बजट प्रावधान हेतु शासन को प्रेषित करने की घोषणा करता हूँ।



Scanned with OKEN Scanner

देशव्यापी गौ-रक्षा अभियान में भिलाई का योगदान- यह हम सभी का सौभाग्य है कि सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 ने देशभर में गौ हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने मुहीम शुरू की जिसकी शुरुआत पिछले वर्ष भिलाई की पवित्र भूमि से हुई और शंकराचार्य जी ने छावनी चौक में धरना देकर इस देशव्यापी आन्दोलन की नींव रखी. हम सभी भिलाई वासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि भिलाई के छावनी चौक को इस पुनित कार्य के लिए शंकराचार्य जी ने चुना। इस सदन में मैं यह घोषणा करता हूँ कि छावनी चौक में गौ माता की जीवंतरूप प्रतिमा की स्थापना की जाएगी और गौ माता के नाम पर उक्त चौक को जाना जायेगा। यह घोषणा एम.आई.सी. के माध्यम से भी हो सकती थी परन्तु यह ऐसा पावन पुनीत कार्य है कि जिसका पुण्य सभी की प्राप्त हो हमारे सभी सदस्य और भिलाई निगम परिवार के सदस्यों का सहयोग इसमें हो। यह मेरे हृदय की इच्छा थी इसलिए इस पुण्य कार्य की घोषणा एवं समर्थन में सदन से चाहता हूँ। गौ माता की प्रतिमा स्थापना, सौन्दर्यीकरण एवं

नामकरण हेतु 25 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा करता हूँ।

अध्यक्ष महोदय मैं महापौर के रूप में अपना चौथा बजट इस सभा के पटल पर रख रहा हू। यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाए गए इस जनकल्याणकारी, जनहितैषी बजट में किसी भी तरह का कर बढ़ाने का कार्य या नया कर लागू नही किया गया हैं।

अंत में मैं इस वर्ष के विकास कार्यों की योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए विशेष रूप से माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, माननीय उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री श्री अरुण साव जी, माननीय उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा जी, माननीय सांसद श्री विजय बघेल जी, माननीय विधायक श्री देवेंद्र यादव जी एवं माननीयं विधायक श्री रिकेश सेन जी के मार्गदर्शन और जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए सभी पार्षद साथियों से अपने भिलाई नगर के चहुमुखी विकास कार्यों के लिए सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करता हूं।



Scanned with OKEN Scanner

आयुक्त महोदय द्वारा प्रस्तुत अनुमानित बजट वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक शेष राशि 227 करोड़ 97 लाख 33 हजार एवं आय 431 करोड़ 55 लाख 60 हजार, इस प्रकार कुल आय 659 करोड़ 52 लाख 93 हजार के विरूद्ध 513 करोड़ 41 लाख 95 हजार का व्यय अनुमानित है, एवं 146 करोड़ 10 लाख 98 हजार बचत का अनुमान है।

उपरोक्त प्रस्ताव पर महापौर परिषद पर चर्चा उपरान्त प्रारंभिक शेष राशि 227 करोड़ 97 लाख 33 हजार एवं आय 573 करोड़ 81 लाख 12 हजार इस प्रकार कुल 801 करोड़ 78 लाख 45 हजार के विरूद्ध 619 करोड़ 55 लाख 47 हजार का व्यय संशोधन एवं सुझाव के साथ 182 करोड़ 22 लाख 98 हजार अंतिम शेष राशि का अनुमान है।

अतः महापौर परिषद की बैठक दिनांक 20 मार्च 2025 को पारित संकल्प के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई का बजट अंगीकार किया जाने हेतु सामान्य सभा के समक्ष प्रस्तुत है।

इसके साथ ही सम्मानित आयुक्त महोदय, समस्त अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया के समस्त पत्रकार साथियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, आप सभी का धन्यवाद।

जय भारत, जय छत्तीसगढ़, जय भिलाई



Scanned with OKEN Scanner